**NEWS CLIPPING: 27.10.2017**

**NDTV**

# Haryana's YMCA University To Be Named After Scientist Jagadish Chandra Bose

Haryana Chief Minister Manohar Lal Khattar today announced to name YMCA University of Science and Technology, Faridabad after renowned scientist Jagadish Chandra Bose.



Haryanas YMCA University To Be Named After Scientist Jagadish Chandra Bose

FARIDABAD: Haryana Chief Minister Manohar Lal Khattar today announced to name YMCA University of Science and Technology, Faridabad after renowned scientist Jagadish Chandra Bose. Also, in principle approval has been granted for the expansion of the university over an area of 60 to 65 acres. The chief minister said this while addressing the valedictory function of a two-day Science Conclave organised by the university in collaboration with Department of Science and Technology, Haryana to mark the Swarna Jayanti celebrations in the campus here, said an official release.

He also inaugurated and laid the foundation stone of various projects amounting to over ₹ 60 crore.

Addressing the gathering, Mr Khattar said the contribution of famous scientist Jagadish Chandra Bose in the field of science is unmatched.

On his name, the university would be known as 'JC Bose YMCA University of Science and Technology'. All the formalities related to this would be completed at the very earliest, he said.

He said that the state government would sympathetically consider the demands raised by the university for the creation of new teaching and non-teaching posts and budgetary provision for new courses. He assured that he would visit the university again.

Referring to science as the Mother of all inventions, the chief minister said the state government is paying special attention towards the expansion of technical and scientific facilities in educational institutes.

He said the government is emphasising on science education in the schools and in this direction, the recruitment of new science teachers would be done very soon.

Expressing immense pleasure over the completion of three years of the present government on October 26, the Chief Minister said the government has made untiring efforts for the upliftment and development of every sector in the past three years, especially education.

He said the progress of the state is only possible with the support of educated and skilled youth.

Vice-Chancellor Dinesh Kumar apprised about the background of the university, programme being executed and soon to be implemented.

He said the University is planning to initiate various new courses and increase the number of teachers from 125 to 300.

He urged the chief minister for the sanction of new teaching and non-teaching posts and allotment of 62 acres land identified on Faridabad-Gurugram road for the second campus of the university.

A documentary based on journey of YMCA University from 1969 to till date was also screened before the Chief Minister.

**NEWS CLIPPING: 27.10.2017**

**INDIA TODAY**

indiatoday in NEWS

# YMCA univ to be named after scientist Jagadish Chandra Bose

PTI
October 26, 2017 | UPDATED 20:45 IST

Faridabad, Oct 26 (PTI) Haryana Chief Minister Manohar Lal Khattar today announced to name YMCA University of Science and Technology, Faridabad after renowned scientist Jagadish Chandra Bose.

Also, in principle approval has been granted for the expansion of the university over an area of 60 to 65 acres.

The chief minister said this while addressing the valedictory function of a two-day Science Conclave organised by the university in collaboration with Department of Science and Technology, Haryana to mark the Swarna Jayanti celebrations in the campus here, said an official release.

He also inaugurated and laid the foundation stone of various projects amounting to over Rs. 60 crore.

Addressing the gathering, Khattar said the contribution of famous scientist Jagadish Chandra Bose in the field of science is unmatched.

On his name, the university would be known as JC Bose YMCA University of Science and Technology?. All the formalities related to this would be completed at the very earliest, he said.

He said that the state government would sympathetically consider the demands raised by the university for the creation of new teaching and non-teaching posts and budgetary provision for new courses. He assured that he would visit the university again.

Referring to science as the Mother of all inventions, the chief minister said the state government is paying special attention towards the expansion of technical and scientific facilities in educational institutes.

He said the government is emphasising on science education in the schools and in this direction, the recruitment of new science teachers would be done very soon.

Expressing immense pleasure over the completion of three years of the present government on October 26, the Chief Minister said the government has made untiring efforts for the upliftment and development of every sector in the past three years, especially education.

He said the progress of the state is only possible with the support of educated and skilled youth.

Vice-Chancellor Dinesh Kumar apprised about the background of the university, programme being executed and soon to be implemented.

He said the University is planning to initiate various new courses and increase the number of teachers from 125 to 300.

He urged the chief minister for the sanction of new teaching and non-teaching posts and allotment of 62 acres land identified on Faridabad-Gurugram road for the second campus of the university.

A documentary based on journey of YMCA University from 1969 to till date was also screened before the Chief Minister. PTI CHS DIP

**NEWS CLIPPING: 27.10.2017**

**DAILY POST**

# Govt proposes to rename YMCA varsity Faridabad after renowned scientist

**CHANDIGARH:** Haryana Chief Minister Manohar Lal Khattar on Thursday announced to name 'YMCA University of Science and Technology, Faridabad' after renowned scientist Jagadish Chandra Bose. Also, in principle approval has been granted for the expansion of University over an area of 60 to 65 acres.

The Chief Minister was addressing the valedictory function of a two-day Science Conclave organised by YMCA University of Science and Technology in collaboration with Department of Science and Technology, Haryana to mark the Swarna Jayanti Celebrations in the University campus at Faridabad today. He also inaugurated and laid the foundation stone of various projects amounting to over Rs 60 crore. Addressing the gathering, Manohar Lal Khattar said that the contribution of the famous Indian Scientist Jagadish Chandra Bose in the field of science is unmatched. On his name, the University would be known as 'JC Bose YMCA University of Science and Technology'. All the formalities related to this would be completed at the very earliest. He said that the state government would sympathetically consider the demands raised by the university for the creation of new teaching and non-teaching posts and budgetary provision for new courses. He assured that he would visit the University again.

Referring to Science as the Mother of all inventions, the Chief Minister said that the State Government is paying special attention towards the expansion of Technical and Scientific facilities in educational institutes. He said that the Government is emphasizing on Science Education in the schools and in this direction, the recruitment of new science teachers would be done very soon.

Expressing immense pleasure over the completion of three years of the present Government on October 26, the Chief Minister said that the Government has made untiring efforts for the upliftment and development of every sector in the past three years, especially education. He said that the progress of the state is only possible with the support of educated and skilled youth. DP

**NEWS CLIPPING: 27.10.2017**

**PIONEER**

## बसु ने नाम पर होगा वाईएमसीए विवि का नाम

सीएम बृहसपतिवार को को वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि भी पहुंचे। उन्होंने विवि का नाम प्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु के नाम पर रखने की घोषणा की। विवि का विस्तार 60 से 65 एकड़ भूमि पर किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। उन्होंने 60 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास भी किया।

## CM: YMCA to be named after Jagadish Chandra Bose

PNS ■ CHANDIGARH

Haryana Chief Minister Manohar Lal on Thursday announced to name 'YMCA University of Science and Technology, Faridabad' after renowned scientist Jagadish Chandra Bose.

The Chief Minister also gave his nod for the expansion of University over an area of 60 to 65 acres. These announcements were made by the CM while addressing the valedictory function of a 2 day Science Conclave held by YMCA University of Science and Technology in collaboration with Haryana Government at Faridabad.

On the occasion, Manohar Lal also inaugurated and laid the foundation stone of various projects amounting to over ₹60 crore.

He also said that the State would sympathetically consider the demands raised by the University for the creation of new teaching and non-teaching posts and budgetary provision for new courses. He also assured that he would visit the University again.

He said that the govt is stressing on science education in the schools and in this direction, the recruitment of new science teachers is in line.

**NEWS CLIPPING: 27.10.2017**

**DAINIK BHASKAR**


दैनिक भास्कर | फरीदाबाद भास्कर | फरीदाबाद


सौगात | अब रेडियो विज्ञान के पिता डॉ. जेसी बसु के नाम से जानी जाएगी वाईएमसीए यूनिवर्सिटी

# स्कूलों में विज्ञान की शिक्षा पर जोर देगी सरकार विज्ञान के शिक्षकों की भर्ती की जाएगी:सीएम

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

विज्ञान एवं तकनीकी यूनिवर्सिटी वाईएमसीए का नाम अब रेडियो विज्ञान के पिता डॉ. जगदीश चंद्र बसु होगा। गुरुवार को यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस बात की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि यूनिवर्सिटी के द्वितीय कैंपस का विस्तार करीब 65 एकड़ भूमि पर होगा। इसके लिए राज्य सरकार ने अपनी सैद्धांतिक मंजूरी भी दे दी है। मुख्यमंत्री यूनिवर्सिटी में हरियाणा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय स्वर्ण जयंती विज्ञान सम्मेलन में बोल रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने यूनिवर्सिटी में 60 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार स्कूलों में विज्ञान की शिक्षा पर जोर देगी। विज्ञान के शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षित एवं कुशल युवाओं से ही प्रदेश का विकास सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्यमंत्री के समक्ष नए शिक्षण एवं गैर-शिक्षण पदों की स्वीकृति व विश्वविद्यालय के द्वितीय कैंपस के लिए फरीदाबाद-गुड़गांव मार्ग पर चिन्हित करीब 65 एकड़ भूमि आवंटित करने का आग्रह किया।



**फरीदाबाद.** वाईएमसीए कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए सीएम।

### रेडियो विज्ञान के पिता थे जगदीश चन्द्र बसु

डॉ. (सर) जगदीश चन्द्र बसु भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक थे, जिन्हें भौतिकी, जीवविज्ञान, वनस्पति विज्ञान व पुरातत्व का गहरा ज्ञान था। वे पहले वैज्ञानिक थे, जिन्होंने रेडियो और सूक्ष्म तरंगों की प्रकाशिकी पर कार्य किया।

### सीएम लेने आते थे नैतिक शिक्षा की क्लास

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि बेशक मुख्यमंत्री के रूप में पहली बार वाईएमसीए विश्वविद्यालय आए हैं। लेकिन इससे उनका पुराना नाता रहा है। वर्ष 1980-81 के दौरान उनका यहां कई बार आना होता था। वे यहां नैतिक शिक्षा की क्लास लगाने आते थे। जर्मन संस्थान होने के कारण कई मौकों पर उन्हें संस्थान में प्रवेश करने में परेशानी का सामना भी करना पड़ता था, लेकिन जब 1996 में सरकार ने इसे अपने अधीन ले लिया तो उनको ऐसी किसी दिक्कत का सामना करना नहीं पड़ा।

### सीएम ने देखे प्रोजेक्ट

मुख्यमंत्री ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया। कुलपति ने मुख्यमंत्री को पौधा व स्मृति स्वरूप उनका चित्र भेंट किया। इस अवसर पर वाईएमसीए विश्वविद्यालय पर आधारित एक वृत्तचित्र को भी प्रदर्शित किया गया।

### प्रोजेक्ट एवं मॉडल्स को मिले प्राइज

स्कूल (जूनियर) श्रेणी में विज्ञान पर आधारित प्रोजेक्ट्स के लिए माडर्न बीपी स्कूल के दीपक व विशाल कटियाल को उनके प्रदूषण मुक्त परिवहन प्रणाली के लिए पहला पुरस्कार दिया गया। टैगोर अकादमी के मनन, लक्ष्य, मनीष, प्रशांत, प्रथम व अक्षित के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रोजेक्ट को दूसरा पुरस्कार व डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के लवन्या, अगस्त्या व अत्रिजा के प्रोजेक्ट को तीसरा पुरस्कार दिया गया। कॉलेज (सीनियर) श्रेणी में विज्ञान पर आधारित प्रोजेक्ट्स के लिए डीएवी कॉलेज फरीदाबाद की नीलम, मीनाक्षी शर्मा, अभिषेक व विकास यादव को उनके प्लास्टिक फ्यूल मॉडल को पहला, जीजीडी एसडी कॉलेज पलवल के पवन, प्रताप व हिमांशु को उनके स्वस्थ व जागरूक भारत प्रोजेक्ट के लिए दूसरा व केएल मेहता कॉलेज फरीदाबाद की आकांक्षा व अंकिता को उनके एयर प्यूरिफायर प्रोजेक्ट के लिए तीसरा पुरस्कार दिया गया।

### 60 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शुभारंभ



मुख्यमंत्री ने एक करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नए सभागार का उद्घाटन किया। 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार जिसे 'स्वर्ण जयंती द्वार' का नाम दिया है का शिलान्यास किया। इसके अलावा एससी/एसटी कन्या छात्रावास, कर्मचारियों के बहुमंजिला आवासीय परिसर नए अकादमिक खंड का शिलान्यास किया। दो दिवसीय विज्ञान सम्मेलन के दौरान फरीदाबाद व पलवल के 249 विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित अपने लगभग 100 प्रोजेक्ट एवं मॉडल्स प्रदर्शित किए।

**NEWS CLIPPING: 27.10.2017**

**DAINIK JAGRAN**

# अब जेसी बसु के नाम से जानी जाएगी वाईएमसीए यूनिवर्सिटी

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बृहस्पतिवार को वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी का नाम प्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु के नाम पर रखने को मंजूरी दे दी है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इस पर पहले ही प्रस्ताव तैयार कर लिया था। मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को यूनिवर्सिटी के दो दिवसीय स्वर्ण जयंती विज्ञान सम्मेलन के समापन समारोह में यह घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. दिनेश कुमार ने की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का विज्ञान के क्षेत्र में अतुल्य योगदान रहा है। वाईएमसीए को अब जेसी बसु वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाएगा। इस बारे में औपचारिकताएं भी जल्द पूरी कर ली जाएंगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि यूनिवर्सिटी कैंपस के विस्तार के लिए 60 से 65 एकड़ भूमि फरीदाबाद-गुरुग्राम मार्ग पर चिह्नित कर ली गई है और उसे सरकार की ओर से मंजूरी भी दे दी गई है। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय में 60 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इससे पूर्व उन्होंने ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया। कुलपति डॉ. दिनेश ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न के रूप में पौधा भेंट किया।

## कैदियों की सजा 30 दिन कम होगी

मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों की सजा 30 दिन कम कर दिए हैं। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से लेकर कैदियों की करीब दो महीने की सजा कम की जा चुकी है। सीएम मनोहर लाल बृहस्पतिवार को गीता मनीषी महाराज ज्ञानानंद के जिला नीमका जेल में कैदियों को गीता पढ़ाने के लिए शुरू किए गए कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उहोंने कहा कि अब कैदियों के नाम के साथ पिता का नाम नहीं पुकारा जाएगा। क्योंकि, कैदी का नाम तो पूरा लिया जाता है, लेकिन पिता का नाम आधा-अधूरा लेते हैं।


संबंधित खबरें
>> पेज 4

**NEWS CLIPPING: 27.10.2017**

**DAINIK JAGRAN**

# मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित



मुख्यमंत्री मनोहर लाल फरीदाबाद में वाइएमसीए यूनिवर्सिटी में आयोजित विज्ञान सम्मेलन के समापन समारोह में पुरस्कृत बच्चों के साथ, साथ में कुलपति डॉ .दिनेश कुमार व विधायक सीमा त्रिखा और मूलचंद शर्मा ● जागरण

जासं, फरीदाबाद: बृहस्पतिवार को वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान यूनिवर्सिटी का नाम प्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु के नाम पर रखने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने यूनिवर्सिटी के दो दिवसीय स्वर्ण जयंती विज्ञान सम्मेलन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे।

मुख्यमंत्री ने विज्ञान प्रदर्शनी में पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया। इनमें मॉडर्न डीपीएस स्कूल के दीपक व विशाल कटियाल, टैगोर अकादमी के मनन, लक्ष्य, मनीष, प्रशांत, प्रथम व अक्षित, डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के लावन्या, अगस्त्या व अत्रिजा, कॉलेज (सीनियर)श्रेणी में डीएवी कालेज, फरीदाबाद की नीलम, मीनाक्षी शर्मा, अभिषेक व विकास यादव, जीजीडी एसडी कॉलेज, पलवल के पवन, प्रताप व हिमांशु, केएल मेहता कॉलेज की आकांक्षा व अंकिता, वाईएमसीए के ऋषभ व चेतन, बीएसए अनंगपुरिया, फरीदाबाद के नीरज, सोनम, पंकज, शिखा व गजेंद्र, श्रीराम कालेज, पलवल के नवीन व योगेश को पुरस्कृत किया गया।

# YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)

Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 27.10.2017**

**AMAR UJALA**

अमर उजाला नई दिल्ली शुक्रवार, 27 अक्तूबर 2017 2

पेज 3

**जगदीशचंद्र के नाम पर होगा वाईएमसीए विश्वविद्यालय**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का विज्ञान के क्षेत्र में अतुल्य योगदान रहा है।



फरीदाबाद amarujala.com अमर उजाला नई दिल्ली शुक्रवार, 27 अक्तूबर 2017 3

# 'जगदीशचंद्र बसु के नाम पर होगा वाईएमसीए विश्वविद्यालय'

## सीएम की घोषणा : 60 से 65 एकड़ भूमि पर किया जाएगा विश्वविद्यालय का विस्तार

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद।

मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने कहा कि प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का विज्ञान के क्षेत्र में अतुल्य योगदान रहा है। उनके नाम पर वाईएमसीए विश्वविद्यालय जाना जाएगा। मुख्यमंत्री ने मंच से इसकी घोषणा की। विश्वविद्यालय का विस्तार 60 से 65 एकड़ भूमि पर किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को वाईएमसीए विश्वविद्यालय में दो दिवसीय स्वर्ण जयंती विज्ञान सम्मेलन के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 60 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजना का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया।



परियोजना का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

सीएम ने कहा कि विश्वविद्यालय के नाम को लेकर अन्य औपचारिकताओं को जल्द पूरा कर लिया जाएगा। राज्य सरकार तकनीकी, प्रौद्योगिकी एवं मेडिकल शिक्षण संस्थान में सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। आने वाले दिनों में स्कूलों में विज्ञान शिक्षा पर जोर दिया जाएगा। विज्ञान शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षित एवं कुशल युवाओं से ही प्रदेश का विकास सुनिश्चित होगा। सीएम के समक्ष नये शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पद सृजित करने, नये पाठ्यक्रम शुरू करने की मांगों को सामने रखा गया। जिस पर बजटीय प्रावधान करने के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की बात कही। कुलपति दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय की पृष्ठभूमि, चलाये जा रहे कार्यक्रम भावी योजनाओं का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय की योजना नये पाठ्यक्रम शुरू करने की है। शिक्षकों की संख्या 125 से बढ़ाकर 300 तक ले जाने की है। सीएम ने विज्ञान प्रदर्शनी अवलोकन किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल की जानकारी ली।

कुलपति ने सीएम को पौधा भेंट किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय पर आधारित वृत्तचित्र को प्रदर्शित किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

इससे पहले विश्वविद्यालय में एक करोड़ रुपये की लागत से तैयार सभागार का उद्घाटन किया। 50 लाख रुपये की लागत से बने 'स्वर्ण जयंती द्वार', तीन करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले एससी/एसटी कन्या छात्रावास, 36 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कर्मचारियों के लिए बहुमंजिला आवासीय परिसर, 18 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नये अकादमिक विज्ञान खंड का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर विधायक मूलचंद शर्मा, प्रांत सहसंपर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्रा, उत्तर क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख कृष्ण सिंघल समेत प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)

Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 27.10.2017**

**HINDUSTAN**

## वाईएमसीए का विस्तार

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का विस्तार 60 से 65 एकड़ में करने का निर्णय लिया है। सरकार ने सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं।

**(ब्यौरा पेज-18 पर)**

फरीदाबाद LIVE युवा

मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने विश्वविद्यालय में 60 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया

# वाईएमसीए का विस्तार 65 एकड़ में होगा : सीएम

**विज्ञान सम्मेलन**

फरीदाबाद | **वरिष्ठ संवाददाता**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का विस्तार 60 से 65 एकड़ में करने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रदेश सरकार से सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।

गुरुवार देर शाम वह वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय स्वर्ण जयंती विज्ञान सम्मेलन के समापन के मौके पर यह बात कही। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में करीब 60 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पद सृजित करने और नए पाठ्यक्रमों पर विचार करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तकनीकी, प्रौद्योगिकी एवं मेडिकल शिक्षण संस्थान में सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। आने वाले दिनों में स्कूलों में भी विज्ञान की शिक्षा पर जोर दिया जाएगा।

इससे पहले विज्ञान के शिक्षकों की भर्ती कर दी जाएगी। वहीं, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी यह मात्र 20 एकड़ में फैला हुआ है। विश्वविद्यालय ने शिक्षा की उच्च गुणवत्ता को बनाए रखने का प्रयास है। यहां नए पाठ्यक्रम शुरू करने की है। इसके साथ ही शिक्षकों की संख्या 125 से बढ़ाकर 300 तक ले जाने की योजना है।

**जिला जेल में कैदियों के लिए ओपन जिम का उद्घाटन :** बल्लभगढ़। बल्लभगढ़ स्थित नीमका की जिला जेल में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कैदियों के लिए तैयार किए गए ओपन जिम का उद्घाटन किया। इस ओपन जिम को करीब 11 लाख रुपये की लागत से तैयार किए गया है। जिम में करीब 14 मशीन लगाई गई हैं। इस जिम को जेल प्रशासन ने एस्कॉटर्स कंपनी के सहयोग से लगाया है।



वाईएमसीए विवि में दो दिवसीय स्वर्ण जयंती विज्ञान सम्मेलन के समापन पर सीएम मनोहर लाल ने शिरकत की। • हिन्दुस्तान

## विज्ञान प्रदर्शनी में पुरस्कार प्राप्त करने वाली परियोजना

**प्रदूषण मुक्त परिवहन प्रणाली** : स्कूल (कनिष्ठ) श्रेणी में विज्ञान पर आधारित परियोजना के लिए मॉडर्न डीपीएस स्कूल के दीपक और विशाल कटियाल को प्रदूषण मुक्त परिवहन प्रणाली के लिए पहला पुरस्कार दिया गया। जबकि टैगोर अकादमी के मनन, लक्ष्य, मनीष, प्रशांत, प्रथम और अक्षित को सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के परियोजना को दूसरा पुरस्कार और डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के लवन्या, अगस्त्या और अत्रिजा के परियोजना को तीसरा पुरस्कार दिया गया।

## शहीद-ए-आजम भगतसिंह की डायरी देखी

मुख्यमंत्री ने एनएच-पांच स्थित शहीद-ए-आजम भगतसिंह के पौत्र यादवेंद्र सिंह संधु के निवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने शहीद-ए-आजम द्वारा लाहौर जेल में लिखी गई डायरी और उनके पत्रों को देखा और उनकी माता सुरेंद्र कौर समेत परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने परिवार से भगत सिंह के बारे में काफी देर तक गुफ्तगू की। यादवेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री को अपने निवास पर चाय के लिए आमन्त्रित किया था। इस मौके पर यादवेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री को शहीद-ए-आजम का एक चित्र और कृपाण भेंट किया।

## सभागार का शुभारंभ किया

विश्वविद्यालय परियर में एक करोड़ रुपये की लागत से सभागार का निर्माण कराया गया है। इसका शुभारंभ किया। वहीं, 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले मुख्य प्रवेश द्वार का शिलान्यास किया गया। इसे हास्वर्ण जयंती द्वारद्ध के नाम से जाना जाएग। इसके अलावा तीन करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अनुसुचित जाति और जनजाति कन्या छात्रावास, कर्मचारियों के बहुमंजिला आवासीय परिसर और नए अकादमिक (विज्ञान संकाय) खंड का शिलान्यास किया।

## प्लास्टिक फ्यूल मॉडल

कॉलेज (वरिष्ठ) श्रेणी में विज्ञान पर आधारित परियोजना के लिए फरीदाबाद डीएवी कालेज की नीलम, मीनाक्षी शर्मा, अभिषेक और विकास यादव को प्लास्टिक फ्यूल मॉडल को पहला पुरस्कार दिया गया। पलवल जीजीडी एसडी कॉलेज के पवन, प्रताप और हिमांशु को उनके स्वस्थ व जागरूक भारत परियोजना के लिए दूसरा और फरीदाबाद केएल मेहता कालेज की आकांक्षा और अंकिता को एयर प्यूरिफायर परियोजना के लिए तीसरा पुरस्कार दिया गया।

## रोबोटिक आरम, मिनी क्रेन

कॉलेज (वरिष्ठ) श्रेणी में प्रौद्योगिकी पर आधारित परियोजना के लिए वाईएमसीए विश्वविद्यालय के होनहार छात्र ऋषभ और चेतन को रोबोटिक आरम और मिनी क्रेन के लिए पहला पुरस्कार दिया गया। इसी तरह फरीदाबाद बीएसए अनंगपुरिया के नीरज, सोनम, पंकज, शिखा और गजेन्द्र को टॉयलेट के रखरखाव को लेकर दूसरा और पलवल श्रीराम कालेज के नवीन और योगेश को उनके हाइड्रोलिक आरम परियोजना को तृतीय पुरस्कार दिया गया।



भगत सिंह की जेल डायरी को उनके पौत्र ने घर पर सीएम को दिखाया। • हिन्दुस्तान

**NEWS CLIPPING: 27.10.2017**

**HINDUSTAN**

छात्रों ने आधुनिक तकनीक पर तैयार किए मॉडल, लड़कियों की सुरक्षा और वाईफाई से बिजली बंद करने के लिए तैयार किया मॉडल

# लड़कियों की सुरक्षा के लिए नई तकनीक विकसित कर रहे युवा

**नए प्रयोग**

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

शहर के युवा लड़कियों को सुरक्षित रखने के आधुनिक तकनीक विकसित करने में लगे हैं। वहीं, कुछ छात्र आधुनिक तकनीक का विकास कर जीवन को और आसान बनाने में लगे है। हरियाणा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान सम्मेलन के दौरान ऐसे मॉडल प्रदर्शित किए गए। इसमें अंतिम दिन फरीदाबाद, पलवल और आसपास के क्षेत्रों से नौ कॉलेज और करीब आठ स्कूल के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान करीब 90 मॉडल प्रस्तुत किए गए थे।

**मॉडल चार :** किसी भी बहुमंजली इमारत में आग लगने के दौरान होने वाली मौत से बचाव के स्मार्ट फायर सिस्टम तैयार किया है। आग लगने के दौरान सबसे अधिक दम घुटने से मौत होती है। इस दौरान कमरे और आसपास के भवन में धुंआ अधिक हो जाता है। इसे निकालने के लिए सेंट्रली एक विशेष प्रकार का यंत्र तैयार किया गया है। जो सेंसर के माध्यम से नियंतित्र होगा। इसके साथ ही इसे चालू करने के लिए भवन में बटन भी लगी होगी। जिसे जरूरत पड़ने पर शुरू किया जा सकता है। इसके साथ ही बहुमंजली इमारत ने छज्जे के माध्यम से नीचे उतरने की भी व्यवस्था होगी। इसे मानव रचना स्कूल के सौरव वर्मा और उनके साथियों ने तैयार किया था।



महिला की सुरक्षा को लेकर बनाए गए टॉर्च के बारे में गुरुवार को वाईएमसीए विश्वविद्यालय के छात्र पर्व गुप्ता ने आगंतुकों को जानकारी दी। ● हिन्दुस्तान

## करंट वाली लाइट

वाईएमसीए के छात्रों ने दिल्ली छात्रा कांड को ध्यान में रखते हुए एक ऐसा टार्च तैयार किया है, जिसमें लाइट के साथ 10 हजार से अधिक वोल्ट का करंट लग सकता है। इस टार्च को बनाने में अभी मात्र 250 रुपये खर्च आया है। लेकिन एक साथ 100 से अधिक बनाने पर 150 रुपये खर्च हो सकते हैं।

## घर की बिजली का रिमोट

वाईफाइ के माध्यम से घर की बिजली को बंद किया जा सकता है। घर की लाइट को एक डिवाइस से जोड़ दिया जाता है। जिसे मोबाइल या लैपट्राप से जोड़ा जाता है। बिजली को ऑन और ऑफ करने के लिए दो लिंक बनाया गया है। इसके माध्यम से शहर के किसी भी हिस्से में बैठे मोबाइल के माध्यम से ऑन आफ किया जा सकता है।

## शुद्ध पानी वाला संयंत्र

जल उपचार सयंत्र (वाटर ट्रीटमेंट प्लांट) तैयार किया गया था। किसी भी जगह एकत्रित पानी को पांच प्रक्रिया के माध्यम से शुद्ध किया जा सकता है। पानी को एक जगह एकत्रित करने के बाद इसे साफ किया जाता है। इसे बाद में मौजूद हैवी मटल को छाना जाता है। इस दौरान पानी को कीटाणु रहित करने के लिए क्लोरीन की टिकियां भी डालते हैं। जिससे सभी कीटाणु मर जाएं।

**NEWS CLIPPING: 27.10.2017**

**PUNJAB KESARI**

## मुख्यमंत्री ने 2 दिवसीय स्वर्ण जयंती विज्ञान सम्मेलन में की शिरकत

# जगदीश चंद्र बसु के नाम पर होगा वाई.एम.सी.ए. यूनिवर्सिटी का नाम

फरीदाबाद, 26 अक्तूबर (स.ह.): मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वाई.एम.सी.ए. विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद का नाम वैज्ञानिक जगदीशचंद्र बसु के नाम पर रखने की घोषणा की। सी.एम. ने कहा कि विश्वविद्यालय का विस्तार 60-65 एकड़ भूमि पर होगा। इसके लिए राज्य सरकार ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

सी.एम. वाई.एम.सी.ए. विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के लिए हरियाणा विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 2 दिवसीय स्वर्ण जयंती विज्ञान सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय में 60 करोड़ लागत की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

राज्य सरकार आने वाले दिनों में स्कूलों में विज्ञान के शिक्षकों की भर्ती होगी। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय की पृष्ठभूमि, चलाए जा रहे कार्यक्रमों व भावी योजनाओं का ब्यौरा प्रस्तुत किया। सी.एम. ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया व छात्रों के बनाए प्रोजैक्ट व मॉडल्स की जानकारी ली। प्रदर्शनी में पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया।



*यूनिवर्सिटी में लगे विज्ञान मेले का अवलोकन करते हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर।*

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 27 October 2017
epaper.punjabkesari.in//c/23224016

**NEWS CLIPPING: 27.10.2017**


**DAINIK TRIBUNE**

# वाईएमसीए विवि अब जगदीश चन्द्र बसु विश्वविद्यालय

फरीदाबाद, 26 अक्तूबर (हप्र)

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बृहस्पतिवार को वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद का नाम प्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बसु के नाम पर रखने की घोषणा की तथा कहा कि विश्वविद्यालय का विस्तार 60 से 65 एकड़ भूमि पर किया जायेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

मुख्यमंत्री आज दो दिवसीय स्वर्ण जयंती विज्ञान सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय में 60 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बसु का विज्ञान के क्षेत्र में अतुल्य योगदान रहा है। उन्हीं के नाम पर वाईएमसीए विश्वविद्यालय को जे.सी. बसु वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नाम से जाना जायेगा।



फरीदाबाद में बृहस्पतिवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह के पौत्र यादुवेन्द्र सिंह सन्धु अपने निवास पर मुख्यमंत्री मनोहरलाल को शहीद-ए-आजम की जेल में लिखी डायरी दिखाते हुए। -हप्र

## शहीद-ए-आजम की जेल में लिखी डायरी को देखा

मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज शहीद-ए-आजम भगत सिंह के पौत्र एवं शहीद भगत सिंह बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष यादुवेन्द्र सिंह सन्धू के एनएच-5 स्थित निवास पर पहुंचे, जहां यादवेन्द्र सिंह सन्धू व उनकी माता सुरेन्द्र कौर ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने शहीद भगत सिंह द्वारा जेल में लिखी डायरी और हर उस चीज को बड़े ध्यान से देखा जो उनके जीवन से जुड़ी हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह के परिवार से मिलकर आज वे धन्य हो गए हैं।


दैनिक ट्रिब्यून Fri, 27 October 2017
epaper.dainiktribuneonline.com//c/23222111

**NEWS CLIPPING: 27.10.2017**

**NAVBHARAT TIMES**

# वाईएमसीए का नाम होगा जेसी बोस यूनिवर्सिटी

## सीएम ने वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के विज्ञान सम्मेलन के दौरान की घोषणा

■ नगर संवाददाता, फरीदाबाद

**वाईएमसीए यूनिवर्सिटी** ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलजी के विज्ञान सम्मेलन का गुरुवार को समापन हो गया। इस मौके पर पहुंचे सीएम ने विज्ञान की शिक्षा पर जोर देने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने वाईएमसीए का नाम जगदीश चंद्र बोस के नाम पर रखने की घोषणा भी की।

सीएम ने कहा कि सरकार विज्ञान की शिक्षा पर अब विशेष ध्यान देगी। इसके लिए स्कूल लेवल पर ही विज्ञान के अध्यापक अलग से भर्ती किए जाएंगे। साथ ही जो इंस्टिट्यूट या कॉलेज विज्ञान को बढ़ाएंगे, उनको विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। प्रदर्शनी देखने के बाद सीएम ने कहा कि वह छात्रों की वैज्ञानिक प्रतिभा से प्रभावित हुए हैं। इस मौके पर सीएम ने यूनिवर्सिटी के कई प्रॉजेक्ट का उद्घाटन व शिलान्यास किया और छात्रों को सम्मानित भी किया।

विज्ञान सम्मेलन के आयोजन के लिए सीएम ने वाईएमसीए के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार की तारीफ की। उन्होंने सम्मेलन के मंच से वाईएमसीए यूनिवर्सिटी का नाम बदलकर जगदीश चंद्र बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलजी करने की घोषणा की। सीएम ने कहा कि अब आगे की प्रक्रिया पूरी होने के साथ यूनिवर्सिटी नए नाम से जानी जाएगी।

### काम गिनाने में वक्त लगेगा

प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर सीएम ने कहा कि सरकार ने बहुत काम किए हैं। काम गिनाने में बहुत वक्त लगेगा। आगे और शिक्षा का विस्तार करने के साथ ही युवाओं में स्किल डिवेलपमेंट को बढ़ाने के साथ प्रदेश व देश के विकास के बारे में सोचना है।

यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में बने मंच पर सीएम व कुलपति के साथ कुलसचिव की कुर्सी लगी हुई थी। मंच से सीएम को आमंत्रित किया गया। इस पर सीएम ने यूनिवर्सिटी के कुलपति से विधायक मूलचंद व सीमा त्रिखा को भी मंच पर बुलाने को कहा। इसके बाद मंच पर दो और कुर्सियां बढ़ाई गईं।



वाईएमसीए में विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण करते सीएम मनोहर लाल

### वाईएमसीए से रहा है पुराना नाता

मंच पर सीएम का स्वागत करते हुए यूनिवर्सिटी के कुलपति ने कहा कि पहली बार यूनिवर्सिटी आगमन पर हार्दिक आभार। इस पर सीएम ने कहा वह पहली बार नहीं आए हैं, इसके पहले वह 30-32 बार आ चुके हैं। 1980-81 के दौरान उनका यहां कई बार आना होता था और वे यहां नैतिक शिक्षा की क्लास लगाने आते थे। कई मौकों पर उन्हें संस्थान में प्रवेश करने में परेशानी का सामना भी करना पड़ता था, लेकिन 1996 में सरकार ने इसे अपने आधीन ले लिया, तो उनको ऐसी किसी दिक्कत का सामना करना नहीं पड़ा।

### होगा कैंपस विस्तार

कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार की मांग पर सीएम मनोहर लाल ने यूनिवर्सिटी का विस्तार कर नया कैंपस बनाने के लिए मंजूरी दी। सीएम ने कहा कि सरकार अपने स्तर से मंजूरी दे रही है, आगे प्रशासनिक कार्यवाही पूरी कर यूनिवर्सिटी का विस्तार करवाया जाएगा। इसके साथ ही सीएम ने यूनिवर्सिटी में टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ को बढ़ाने पर विचार करने की बात कही।